प्रारूप–11

# प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत महिंडाण्डा मोटर मार्ग से बगियाल गांव मोटर मार्ग का निर्माण (लम्बाई 4.325 किमी०) हेतु सिविल सोयम भूमि एवं वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।** (कुल वन भूमि – 0.731 है0)

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत जनपद उत्तरकाशी के भटवाडी ब्लाक में ग्राम बगियाल गांव कोड संख्याः 00067300 जनसंख्या 380 (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु महिडाण्डा मोटर मार्ग से 4.325 किमी० लम्बाई में मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है। इस हेतु वन एवं ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून के कार्यालय ज्ञाप संख्याः–1760 / पी03–14 / यू0आर0आर0डी0ए0 / 09, दिनांक–14 दिसम्बर 2009 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में इस गांव हेतु एक मात्र पैदल मार्ग ही उपलब्ध है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन, स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू उपयोग की सामग्री के ढुलान हेतु अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है व गांव की पैदा होने वाली नगदी फसल को बाजार तक न पहॅुचने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प न होने के कारण यह मार्ग आरक्षित वन भूमि के अर्न्तगत 975 मी०, 70 मी० सिविल वन भूमि तथा 3280 मी० नाप भूमि में निर्मित होकर बगियाल गांव तक निर्मित किया जायेगा।

अतः मार्ग निर्माण में पड़ने वाली आरक्षित व सिविल वन भूमि हस्तान्तरण, वृक्षों के पातन आदि के लिए यह प्रस्ताव स्वीकृति हेतु गठित किया गया है।

| | |
|---|---|
| सहायक अभियन्ता,<br>पी०एम०जी०एस०वाई०,सि०ख०,<br>उत्तरकाशी | अधिशासी अभियन्ता,<br>पी०एम०जी०एस०वाई०,सि०ख०,<br>उत्तरकाशी |